संख्या: 127/2024/539/35-1-2024-7-360/ज0नि0प्र0/2024

प्रेषक,

दुर्गा शंकर मिश्र,
मुख्य सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

समस्त अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव/सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

नियोजन अनुभाग-1 लखनऊ दिनांक: 27 जून, 2024

विषय: "फैमिली आई0डी0- एक परिवार एक पहचान" योजनान्तर्गत प्रदेश के विभागों द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं एवं सेवाओं में फैमिली आई0डी0 इंटीग्रेशन किये जाने हेतु दिशा-निर्देश।

महोदय/महोदया,

प्रदेश में संचालित लाभार्थीपरक योजनाओं के बेहतर प्रबन्धन, समयबद्ध लक्ष्यीकरण, पारदर्शी संचालन, योजनाओं में शत-प्रतिशत पात्र लाभार्थियों का आच्छादन एवं जनसामान्य हेतु सरकारी सुविधाओं का सरलीकरण करने के उद्देश्य से नियोजन अनुभाग-1, उत्तर प्रदेश शासन के शासनादेश संख्या: 6/2022/724/35-1-2022/35-1010(099) /5/2021 दिनांक 21 जुलाई, 2022,शासनादेश संख्या:8/2022/ 1003/35-1-2022-7-331/ज0नि0प्र0/2019टी0सी0-4 दिनांक 06 अक्टूबर, 2022 एवं शासनादेश संख्या: 1/2023/26/35-1-2023-7-331/ज0नि0प्र0/2019टी0सी0-4 दिनांक 07 फरवरी, 2023 द्वारा "फैमिली आई0डी0-एक परिवार एक पहचान योजना" संचालित की जा रही है।

2- इस योजना के अन्तर्गत प्रदेश में अध्यासित समस्त परिवारों की एक विशिष्ट पहचान हेतु फैमिली आई0डी0 सृजित की जा रही है। प्रदेश में अध्यासित राशन कार्ड धारक परिवारों की राशन कार्ड संख्या ही उनकी फैमिली आई0डी0 है तथा ऐसे परिवार जिनके राशन कार्ड नहीं हैं, उनकी फैमिली आई0डी0 बनाये जाने हेतु पोर्टल (https://familyid.up.gov.in) विकसित किया जा चुका है।

3- फैमिली आई0डी0 से विभिन्न योजनाओं को लिंक/मैप किया जा रहा है, जिसका मुख्य उद्देश्य छूटे हुए पात्र लाभार्थियों की पहचान कर कल्याणकारी योजनाओं की शत-प्रतिशत संतृप्ति सुनिश्चित करना है।

4- राशन कार्ड डाटाबेस को बेस-डाटा के रूप में उपयोग करके फैमिली आई0डी0 डाटाबेस निर्मित किया गया है जो प्रदेश की लगभग 68 प्रतिशत जनसंख्या को आच्छादित करता है। आमजनमानसको प्रदत्त सरकार की कल्याणकारी योजनाओं के लाभ को मैप करने एवं अन्य योजनाओं/सेवाओं हेतु आमजनमानस की पात्रता निर्धारित करने के लिये फैमिली आई0डी0 डाटाबेस से विभिन्न योजनाओं/सेवाओं के डाटाबेस का इंटीग्रेशन किया जा रहा है।

5- विभिन्न सरकारी विभागोंद्वारा निम्नलिखित परिदृश्य में फैमिली आई0डी0 के साथ इंटीग्रेटकिया जारहा है:-

5.1 ऐसी योजनायें/सेवायें, जिनमें लाभार्थियों को एक बार लाभान्वित किया जाता है।

5.2 ऐसी योजनायें/सेवायें, जिनमें लाभार्थियों को नियमित आवृति पर लाभान्वित किया जाता है।

5.3 योजनाओं/सेवाओं से लाभान्वित होने वाले नये आवेदकों का रियल टाइम इंटीग्रेशन।

5.4 योजनाओं/सेवाओं के लिये आवेदन पूर्ण करने वाले नये आवेदकोंका रियल टाइम इंटीग्रेशन।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.gov.in

इसके अतिरिक्त, पात्र लाभार्थियों की सही पहचान करके योजनाओं/सेवाओं के सक्रिय व लक्षित वितरण के उद्देश्य से फैमिली आई0डी0 डाटाबेस को सुदृढ़ किया जा रहा है।

6- विभागीय डाटाबेस में फैमिली आई0डी0 सीडिंग

विभागों द्वारा वर्तमान लाभार्थियों के डाटाबेस में फैमिली आई0डी0 एवं फैमिली मेम्बर आई0डी0 जोड़ने के लिए सॉफ्टवेयर एप्लिकेशन तथा डाटाबेस को संशोधित किया जायेगा। इसके अतिरिक्त विभागों द्वारा संचालित योजनाओं एवं सेवाओं में नए आवेदकों के लिए फैमिली आई0डी0 एवं फैमिली मेम्बर आई0डी0 को कैप्चर तथा संग्रहीत भी किया जायेगा। स्टेट ई-गवर्नेंस मिशन टीम (एस0ई0एम0टी0), उ0प्र0 द्वारा विकसित एवं नियोजन विभाग, उ0प्र0 द्वारा साझा किए गए ए0पी0आई0 का उपयोग फैमिली आई0डी0 को योजना/सेवा के डाटाबेस में सीड (seed) करने तथा फैमिली आई0डी0 डाटाबेस के साथ एकीकृत करने के लिए किया जाएगा।

फैमिली आई0डी0 डाटाबेस में प्रदेश के अध्यासित व्यक्तियों एवं उनको प्रदत्त लाभों का विवरण अद्यतन बनाये रखने के लिये विभिन्न योजनाओं से नियमित रूप से लाभार्थियों का डाटा पुश (push)किया जायेगा। इस हेतु नियोजन विभाग द्वारा साझा की गयी ए0पी0आई0 को विभागों द्वारा संचालित योजनाओं में नियमित,अधिमानतः मासिक, रूप से उपभोग किया जायेगा।विभिन्न विभागोंके लिये **बेनीफिशिअरी काउंट एवं रिवर्स सीडिंग ए0पी0आई0** के उपभोग की प्रस्तावित/सुझावात्मक आवृत्ति तालिका 1 पर संलग्न है।

7- डाटा संवर्धन (Data Enrichment) के लिए अतिरिक्त फील्ड

योजनाओं/सेवाओं के लिये पात्रता निर्धारण के उद्देश्य से फैमिली आई0डी0 डाटाबेस को सुदृढ़करने एवं नागरिकों को बेहतर दृश्यता प्रदान करने हेतु कतिपय डाटा को फैमिली आई0डी0 डेटाबेस में सम्मिलित किया जाना है। विभागों द्वारा समय-समय पर नियोजन विभाग की आवश्यकतानुसार अतिरिक्त डाटा फील्ड्स को डाटाबेस में सम्मिलित किया जायेगा, जिससे कि फैमिली आई0डी0 डाटाबेस की व्यापकता एवं उपयोगिता बढ़ेगी।

8- मानक सहमति संदेश

डाटा सुरक्षा नियमों का अनुपालन सुनिश्चित करने के लिये सभी विभागों द्वारा संचालित योजनाओं/ सेवाओं के नवीन लाभार्थियों को आवेदन के समय एवं वर्तमान लाभार्थियों के डाटा का उपयोग करने हेतुनियोजन विभाग द्वारा निर्गत पत्र संख्या: 18/04/7-360/89055/ज0नि0प्र0/2024 दिनांक 19 अप्रैल, 2024 के अनुसार लाभार्थियों/ लाभार्थियों के अभिवावक से सहमति प्राप्त की जायेगी।

9- इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि "फैमिली आई0डी0- एक परिवार एक पहचान" योजनान्तर्गत प्रदेश के विभागों द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं एवं सेवाओं में फैमिली आई0डी0 इंटीग्रेशन किये जाने हेतु उपरोक्तानुसार कार्यवाही सुनिश्चित कराने का कष्ट करें।

संलग्नक: यथोपरि।

भवदीय,
(दुर्गा शंकर मिश्र)
मुख्य सचिव

संख्या: 127/2024/ 539(1) /35-1-2024-7-360/ज0नि0प्र0/2024तद्दिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखितको सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. निजी सचिव, मुख्य सचिव, उ0प्र0 शासन।
2. निजी सचिव, अपर मुख्य सचिव, मा0 मुख्यमंत्री जी, उ0प्र0 शासन।
3. निजी सचिव, प्रमुख सचिव/विशेष सचिव, नियोजन विभाग, उ0प्र0 शासन।

आज्ञा से,
(आलोक कुमार)
प्रमुख सचिव

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.gov.in

तालिका 1

बेनीफिशिअरी काउंट एवं रिवर्स सीडिंग ए0पी0आई0 के उपभोग की प्रस्तावित/सुझावात्मक आवृत्ति

क्र0सं0	विभाग	आवृति
1	कृषि	अर्धवार्षिक
2	पिछड़ा वर्ग कल्याण	वार्षिक
3	बाल विकास एवं पुष्टाहार	मासिक
4	बेसिक शिक्षा	वार्षिक
5	राजस्व परिषद	दैनिक
6	सूक्ष्म लघु एवं माध्यम उद्यम तथा निर्यात प्रोत्साहन	मासिक
7	प्रशिक्षण एवं सेवायोजन निदेशालय	मासिक
8	दिव्यांगजन सशक्तिकरण	त्रैमासिक
9	खाद्य एवं रसद	अर्धवार्षिक
10	हथकरघा एवं वस्त्रोद्योग	मासिक
11	उच्च शिक्षा	वार्षिक
12	उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण	वार्षिक
13	खादी एवं ग्रामोद्योग	मासिक
14	चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण	मासिक
15	अल्पसंख्यक कल्याण एवं वक्फ	वार्षिक
16	राहत आयुक्त कार्यालय	मासिक
17	ग्राम्य विकास	त्रैमासिक
18	माध्यमिक शिक्षा	वार्षिक
19	समाज कल्याण	मासिक/त्रैमासिक/वार्षिक (योजना आधारित)
20	स्टाम्प एवं रजिस्ट्रेशन	मासिक
21	प्राविधिक शिक्षा	वार्षिक
22	नगर विकास	त्रैमासिक
23	उत्तर प्रदेश भवन एवं अन्य निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड	मासिक
24	उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन	मासिक

http://shasanadesh.up.gov.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

25	व्यावसायिक शिक्षा एवं कौशल विकास (राज्य व्यावसायिक प्रशिक्षण परिषद)	वार्षिक
26	महिला कल्याण	मासिक/त्रैमासिक/वार्षिक (योजना आधारित)

http://shasanadesh.up.gov.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।